भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.06.2024

आरेडिका में हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के राजभाषा विभाग के मार्गदर्शन में हिंदी के प्रचार–प्रसार एवं कर्मचारियों की राजभाषा के प्रति रूचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से दिनांक 26.06.2024 एवं 27.06.2024 को हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने किया।

काव्य पाठ के माध्यम से विभिन्न रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने अपनी काव्य प्रतिभा का परिचय दिया। कुल 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान मोहम्मद प्रवेज निजी सचिव-II, द्वितीय स्थान नरेश कुमार कनिष्क लेखा सहायक एवं तृतीय स्थान अशोक कुमार ईडीपीएम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र एवं सीएमएम कामेश्वर पासवान ने की तथा मंच संचालन आदित्य प्रकाश ने किया।

आरेडिका राजभाषा की पत्रिका "प्रगति" के मार्च–2024 के अंक में प्रसारित उत्कृष्ट लेख के लिए ओमप्रकाश मौर्य ,पूनम यादव, एवं निधि शर्मा को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ–साथ मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश कुमार श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री रमेश चन्द्र, सीएमएम कामेश्वर पासवान, राजभाषा अधिकारी राजेश कुमार, जन संपर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार के साथ पुरस्कृत भी किया गया ।

28/6/2024
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी